**Title:** Need to provide adequate funds to State Government of Madhya Pradesh for providing relief to the people whose crops have been affected by heavy rains and hailstorms in all districts of the State including Bilaspur.

श्री पुन्नू लाल मोहले (बिलासपुर) : अध्यक्ष महोदय, मध्य प्रदेश राज्य के जिला बिलासपुर सहित सभी जिलों में नवम्बर, १९९७ से जनवरी-फरवरी, १९९८ तक किसानों की खरीफ एवं रबी फसल में अतिवर्षा तथा ओला-पाला पड़ने के कारण फसल पूरी तरह नष्ट हो चुकी है। राज्य सरकार सर्वे करा चुकी है, अभी तक किसी प्रकार किसानों एवं मजदूरों को सहायता नहीं दी गई है। राहत कार्य खोलने तथा किसानों की फसलों की क्षतिपूर्ति सहायता की अति आवश्यकता है।

अतः केन्द्र सरकार से अनुरोध है कि किसानों के हित में फसल क्षतिपूर्ति राशि तथा राहत कार्य खोलने हेतु मध्य प्रदेश को एक अरब रुपये सहायता प्रदान की स्वीकृति प्रदान करें।